सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-173
07/04/2018

भारत सरकार के आवास एवं शहरी मामले के सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

पटना 07 अप्रैल 2018 :– भारत सरकार के आवास एवं शहरी मामले के सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से 1, अण्णे मार्ग में मुलाकात की। मुलाकात के क्रम में प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार श्री चैतन्य प्रसाद ने बताया कि पटना मेट्रो का डी0पी0आर0 एक माह में तैयार हो जायेगा एवं इसे भारत सरकार को भेज दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने भारत सरकार के आवास एवं शहरी मामले के सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र से प्रस्ताव को जल्द स्वीकृत करने का अनुरोध किया। चर्चा के क्रम में मुख्यमंत्री ने स्मार्ट सिटी के फंड को और बढ़ाने के लिये कहा ताकि और विकास कार्य हो सके। भारत सरकार के आवास एवं शहरी मामले के सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने बिहार में चल रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं जैसे सात निश्चय के तहत चल रही हर घर नल का जल, हर घर शौचालय, हर घर तक पक्की गली–नाली आदि के तहत हो रहे विकास कार्यों की सराहना की।

भारत सरकार के आवास एवं शहरी मामले के सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के साथ 1 अणे मार्ग स्थित बोधिवृक्ष का भी दर्शन किया।

इस अवसर पर प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे।

******